STD 10 STD: 10 HINDI

EPISODE : 15 DATE : 10- 9- 2021

पाठ का नाम: सबसे बड़ा शो मैन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) " इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया" । इस समय माँ की हालत कैसी होगी ?

उत्तर : चार्ली चैप्लिन की माँ एक थियेटर में गीत गा रही थी। अचानक उसका गला खराब हो गया। दर्शक शोर मचाने लगे। माँ को स्टेज छोड़ना पड़ा। दर्शकों के अभद्र व्यवहार से वह अपमानित एवं पीडित हो गई। उसकी हालत तनाव से युक्त हो गई। वह और अधिक डर गई जब मैनेजर ने पाँच साल के चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद की ।

2) पाँच साल का चार्ली स्टेज पर अकेला था। उस समय चार्ली ने क्या सोचा होगा?

उत्तर : उसने सोचा होगा कि माँ का गला अचानक खराब क्यों हो गया ? माँ नें क्यों मुझे यहाँ अकेला छोड़ दिया है। इतने अधिक लोगों के सामने क्या करूँ। चार्ली ने यह भी सोचा होगा कि लोगों के सामने एक अच्छा प्रदर्शन कैसे करूँ ? माँ ने जाने को कहा है , इसलिए मैं गाऊँगा |

3) स्टेज पर चार्ली का प्रदर्शन कैसा था ?

उत्तर : स्टेज पर चार्ली ने अच्छा प्रदर्शन किया |

4) ' इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया' - क्यों ?

उत्तर : स्टेज पर चार्ली ने अच्छा प्रदर्शन किया। स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी। तब चार्ली ने गाना रोक दिया। गाना रोककर चार्ली ने कहा कि पहले मैं पैसे बटोरकर बाद में गाऊँगा । इस बात ने हॉल को हँसीघर में बदल दिया।

5) दर्शकों की हँसी कब और बढ़ गयी ?

उत्तर : हँसी तब और बढ़ गयी जब रूमाल की पोटली में पैसे बाँध बैकस्टेज की ओर जाते मैनेजर के पीछे चार्ली व्याकुलता से लग गया।

6) चार्ली की क्या क्या विशेषताएँ हम देख सकते हैं?

उत्तर : कला प्रदर्शन करने की क्षमता, आत्मविश्वास, उत्तरदायित्व आदि चार्ली की विशेषताएँ है।

7) चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया। तब आर्केस्ट्रा वालों ने क्या किया?

उत्तर : चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया | तब कुछ देर तक आर्केस्ट्रा वाले उसकी आवाज़ गाने की धुन तलाशते रहे |

8) चार्ली का गाना आधा होते समय क्या हुआ ?

उत्तर :चार्ली का गाना आधा ही हुआ था तब स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई।

9) चार्ली ने गाना रोककर क्या घोषവാദ പ്രതിവാദംणा की ?

उत्तर : पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा ।

10) चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद किसने की?

(मैनेजर ने, लोगों ने, माँ ने)

उत्तर : मैनेजर ने

11) स्टेज पर पहली बार आने पर चार्ली ने कौन- सा गीत गाया ?

उत्तर : चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाया ।

12) मैनेजर रुमाल लेकर क्यों आया ?

उत्तर : पैसा बटोरने के लिए |

13) बहुत मुबाहिसा के बाद कौन चार्ली को स्टेज पर ले गया ? क्यों ?

उत्तर : मैनेजर | शोर मचाती भीड़ को शांत कराने के लिए |

14) " तब्दील हो जाना " - इसका मतलब क्या है ?

उत्तर : बदल जाना |

15) " पैसों की बौछार शुरू हो गई " – इसका मतलब क्या है ?

उत्तर : पैसों की वर्षा होने लगी |

16) चार्ली क्यों मैनेजर के पीछे व्याकुलता से लग गया ?

उत्तर : चार्ली को लगा कि मैनेजर खुद पैसे रख लेना चाहता है। इसलिए

वह मैनेजर के पीछे व्याकुलता से लग गया।

17) चार्ली कब स्टेज पर वापस आया ?

उत्तर : मैनेजर पैसे की पोटली चार्ली की माँके हाथों में दे दी । उसके बाद ही वह

स्टेज पर लौट आया ।

नवीन शब्दार्थ

मुबाहिसा - बहस, तर्क- वितर्क, വാദ പ്രതിവാദം

बचाव - रक्षा

धुआँ - പുക

छल्ला - ഗോളാകൃതിയിലുള്ള വസ്തു

गाने की धुन – ഗാനത്തിൽ സ്വരങ്ങളുടെ ആരോഹണ അവരോഹണ

ക്രമം

तलाशना - അന്വേഷിക്കുക

आधा- പകുതി

पैसों की बौछार - पैसों की वर्षा

बटोरना - ശേഖരിക്കുക

रुमाल –കൈലേസ്, handkerchief

खुद - സ്വയം

शिकायत - പരാതി

लहजा - बोलने का ढंग, പറയുന്ന രീതി

पोटली - പൊതി

हवाला करना -കൈവശം കൊടുക്കുക

****